दैनिक जागरण 15/11/2022

# एनसीसी तथा स्काउट एवं गाइड कैंप का समापन



जीएमएन कालेज में एनसीसी तथा स्काउट एवं गाइड कैंप में शामिल कैडेट। ● विज्ञप्ति।

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में एनसीसी तथा स्काउट एंड गाइड कैंप का समापन हुआ। इस दौरान चौदह कालेजों, पांच विद्यालयों के पांच कैडेटों ने भाग लिया। कैडेट शिवानी और रशिम ने कंपनी सीनियर के रूप में गुणवत्ता स्थापित की, जबकि कैडेट रितिका और शालिनी ने वेब्रो कंपनी सीनियर के रूप मे प्रदर्शन किया। इसी श्रृंखला में कैडेट तनु और साधना ने तकनीकी स्तर पर कैंप में नूतन आयाम स्थापित किए। जीएमएन कालेज की कैडेट ने हरियाणवी नृत्य में पहला स्थान हासिल किया, जबकि कैंप मे कैडेट गार्ड आफ आनर मे तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कैडेट खुशी, ने गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य डा. वीके जैन ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वायुसेना से सीओ आशीष दूबे, सह आफिसर सुभाष साहू आदि मौजूद रहे। उधर, कालेज में विद्यार्थियों ने वस्त्र वितरण कार्यक्रम में भाग लिया, जबकि मास कम्यूनिकेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन की ओर से न्यूज़ रिडिंग ,फोटोग्राफी और न्यूज़ रिपोर्टिंग पर प्रतियोगिताएं करवाई। (जास)